भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.03.2023

नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने आरेडिका का लिया जायजा

महाप्रबंधक महोदय, ने रेलवे हॉस्पिटल के दौरे के दौरान उपलब्ध मेडिकल सुविधाओं को देखा जिसमें लैब टेस्टिंग , एक्सरे एवं दवा डिसपेंसरी आदि का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं को कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक बनाने को निर्देशित किया तथा जो मेडिकल सुविधाएँ आरेडिका अस्पताल में नहीं है उन सुविधाओं को रायबरेली तथा उसके आस–पास उपलब्ध मेडिकल सुविधओं को एमसीएफ के साथ संबंद्ध करने को कहा।

इसी कड़ी में आरेडिका के आवसीय परिसर में कॉलोनी के विभिन्न प्रकार के क्वाटरों निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया जिसमें जिसमें आवासों में बिजली पानी तथा साफ–सफाई एवं कॉलोनी में पार्क तथा झूलों की व्यवस्था के समुचित रखरखाव के बारे में निर्देशित किया।

महाप्रबंधक महोदय, ने 22.03.2023 को मैकेनिकल एवं सिविल विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और कोचों के निर्माण कार्य को देखने के लिए फैक्ट्री परिसर में शैलशॉप एवं व्हीलशॉप का निरीक्षण किया इन शॉपों में मशीनों पर काम कर रहे कर्मचारियों से कार्यदक्षता एवं उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की एवं अधिकारियों और कर्मचारियों को नए–नए प्रतिमान स्थापित करने एवं इनोवेशन पर विशेष प्रोत्सान देने की सलाह दी।

आगे शॉपिंग कॉम्पलेक्स, बैंक, डाकघर, आदि का दौरा किया। इनको और अधिक उन्नत बनाने के लिए सुझाव दिया।

24/3/2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी